मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-182
04/05/2022

मुख्यमंत्री ने बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष स्व0 ओम प्रकाश साह की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

पटना 04 मई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष स्व0 ओम प्रकाश साह की प्रथम पुण्यतिथि पर बिहारी जी मिल, मालसलामी, पटना सिटी स्थित आवास पर जाकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

स्व0 ओम प्रकाश साह की पुण्य स्मृति में 'मिशन आत्मनिर्भर' के तहत मुख्यमंत्री द्वारा श्रीमती रागिनी कुमारी, श्रीमती मंजू देवी, श्रीमती चंद्रप्रभा देवी, श्रीमती सरोजनी देवी, श्रीमती रीना देवी, श्रीमती सुनीता देवी, श्रीमती अनु देवी, श्रीमती नीलम कुमारी, श्रीमती रानी देवी, श्रीमती नीतू देवी, श्रीमती नुरेसा खातून, श्रीमती रानी देवी, श्रीमती अरुण देवी, श्रीमती बेबी देवी, श्रीमती सामदेयी देवी एवं श्रीमती प्रमिला देवी को सिलाई मशीन प्रदान किया गया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विधायक श्री नंदकिशोर यादव, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, स्व0 ओम प्रकाश साह के पुत्र श्री गौरव साह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी स्व0 ओम प्रकाश साह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

******